# वृहद स्वास्थ्य मेला एवं नेत्र जांच शिविर

दिनांक 26-11-2023 को गुरु गोरक्षनाथ इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (आयुर्वेद कालेज), बालापार रोड, सोनबरसा द्वारा एक वृहद स्वास्थ्य मेले और नेत्र जांच शिविर का आयोजन महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय में किया गया | स्वास्थ्य शिविर का उद्घाटन विश्वविद्यालय के कुलपति मेजर जनरल डॉ. अतुल बाजपेयी ने महायोगी गोरखनाथ की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया | इस अवसर पर उन्होंने सबके उत्तम स्वास्थ्य की कामना की तथा उपलब्ध चिकित्सीय सुविधाओं के बारे में बताया | शिविर में कुल 503 मरीजों का परीक्षण किया गया जिसमें मोतियाबिंद के 12 मरीज चिन्हित किये गए | इस अवसर पर उपस्थित चिकित्सकों में डॉ. मंजूनाथ एन. एस. प्राचार्य आयुर्वेद कालेज, डॉ. ओ. पी. सिंह अर्थो सर्जन, डॉ. मनोज कुमार गुप्ता एम डी मेडिसिन, डॉ. रेनू गुप्ता नेत्ररोग विशेषज्ञ, डॉ. राकेश सिंह एम एस सर्जन, डॉ. प्रदीप कुशवाहा एवं डॉ. भारत कुमार ने अपनी सेवाएं प्रदान की शिविर में आकांक्षा शुक्ला, ज्योति, शुभ पांडे, चंदन के साथ अखिलेश व हॉस्पिटल स्टाफ़ के साथ 10 नर्सिंग छात्राओं का योगदान सराहनीय रहा | अंत में प्रबंधक श्री जी. के. मिश्र ने उपस्थित सभी का आभार व्यक्त किया |





